## एग्जाम में अतिरिक्त बसे लगाने की मांग

**खेतड़ी,** ( निसं ) प्रदेश में आयोजित होने वाली सीईटी एग्जाम में युवाओं ने अतिरिक्त बसें लगाने की मांग की है। युवाओं को एग्जाम के दौरान होने वाली परेशानी को लेकर डिपो मैनेजर को ज्ञापन सौंपा है। डिपो मैनेजर दिलदार सिंह को खेतड़ी नगर पालिका के पार्षद हरमेंद्र चनानिया के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि की राज्य सरकार द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक सीईटी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय परीक्षा में खेतड़ी क्षेत्र से अनेक युवा अपने सेंटर तक यात्रा कर पहुंचेंगे। राज्य सरकार की ओर से युवाओं को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा करने की घोषणा के साथ रोडवेज बसों में यात्रा भार अधिक होने वाला है। क्षेत्र से काफी संख्या में छात्र-छात्राएं परीक्षा देने जयपुर और सीकर जाएंगे। खेतड़ी उसके आसपास के छात्र-छात्राएं भी परीक्षा देने के लिए जयपुर व सीकर में एग्जाम देने जाएंगे। परीक्षार्थियों की समस्या को देखते हुए खेतड़ी डिपो से रोडवेज की अतिरिक्त बसों लगाकर उनकी समस्या का समाधान किया जाए तथा बसों का संचालन समय अनुसार किए जाने की मांग की।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले सात महीने से नहीं हैं डॉक्टर

## ग्रामीणों ने इमरजेंसी सेवाए ही मिलने पर विरोध प्रदर्शन करडॉक्टरलगानेकी मांग की

**खेतड़ी ,** ( निसं )। खेतड़ी उपखंड के पपुरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले सात माह सेडॉक्टरनहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने देर रात को इमरजेंसी सेवाए नही मिलने पर अस्पताल जो सामने विरोध प्रदर्शन कर डॉक्टर लगाने को मांग की है। एडवोकेट निरंजन लाल सैनी ने बताया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पपुरना पर पिछले 7 महीने से कोई भी डॉक्टर नहीं हैं। मौसमी बीमारियों के चलते स्वास्थ्य केंद्र में रोज लगभग ओपीडी मे 150 से ज्यादा मरीज ईलाज के लिए आ रहे हैं। खेतड़ी उपखंड क्षेत्र का सबसे बड़ा पीएचसी पपुरना हीं है। मरीज को इलाज के लिए भटकना पड रहा है। स्वास्थ्य केंद्र का लाभडॉक्टरके रिक्त पद के चलते नहीं मिल पा रहा है।



**ग्रामीणों ने देर रात को इमरजेंसी सेवाए नही मिलने पर अस्पताल जो सामने विरोध प्रदर्शन कर डॉक्टर लगाने को मांग की है।**

आपातकालीन में भीडॉक्टरकी अस्पताल में व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन अस्पताल के समयावधि के पश्चात कोई भीडॉक्टरअस्पताल में नहीं मिलता हैं, जिससे ग्रामीणों एवं मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पपुरना के अंतर्गत नौ सब सेंटर बंधा की ढाणी, लालगढ, राजकुमारपुरा, जाट की ढाणी, संजयनगर, गाडराटा, प्रतापपुर देवनगर आते हैं ओर चार बड़ी ग्राम पंचायत का क्षेत्र पपुरना, रामकुमारपुरा, संजयनगर, गाडराटा है जिनकी आबादी लगभग 36 हजार से अधिक है। ग्रामीण पिछले काफी समय से अस्पताल में डॉक्टर लगाने को मांग को लेकर स्थानिय प्रशासन व चिकित्सा विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा चुके है। ग्रामीणो को अधिकारियो द्वारा हर बार जल्द डॉक्टर लगाने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर नियुक्त करने को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे है। दो दिन पहले भी नीमकाथाना सीएमएचओ ने कार्यव्यवस्था मे डॉक्टर नियुक्त करने की बात कही थी,लेकिन ग्रामीणो को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि यदि अस्पताल में जल्द डॉक्टर नियुक्त नही किया गया तो ग्रामीणों को ओर से बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद, नितेश जांगिड़, सोनू बबेरवाल, विकास बबेरवाल, रिहान , जुहमन , नदीम, राजेंद्र मेघवाल, शेर सिंह, सचिन कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## तहसीलदार ने किया इंसानियत व्यायाम समूह के पोस्टर का विमोचन

**सादुलपुर,** (निसं)। लोगों के स्वास्थ्य, मानवता, शिक्षा के प्रति के जागरूकता बढाने के लिए इंसानियत व्यायाम समूह की शुरुआत की गई। मंगलवार दोपहर को तीन बजे के करीबन अजय बोद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि इंसानियत व्यायाम समूह के पोस्टर का विमोचन तहसीलदार राजगढ इमरान पठान एवं पूर्व एएसपी नियाज मोहम्मद ने किया है। इंसानियत व्यायाम समूह की शुरुआत इमरान खींची, अरशद बेग व मोहम्मद सलीम ने की। धीरे-धीरे जागरूकता बढने के कारण लगभग 2० से ज्यादा लोग जुड गए है। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढाने के लिए राजगढ तहसीलदार इमरान पठान, रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद गहलोत व हनीफ शेख द्वारा इंसानियत व्यायाम समूह के पोस्टर का विमोचन किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा व्यायाम से होने वाले फायदे के बारे बताया गया।

- **लोगों के स्वास्थ्य, मानवता, शिक्षा के प्रति के जागरूकता बढाने के लिए इंसानियत व्यायाम समूह की शुरुआत की गई**

समूह के सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। गौरतलब है कि इंसानियत व्यायाम समूह का शुभारंभ 14 सितम्बर 2०24 को किया गया था, तभी इस समूह की शुरूआत की गई है। इस दौरान व्याख्याता गजेंद्र सिंह बोद्ध, कलम मेन मोहसिन शेख, कयूम बिल्लू, बासित अली, यूनस खत्री, आफताब बेग, इंजी. रिजवान, मुद्दासर बेग, नदीम, वसीम, इस्तियाक, शहनाज अहमद व समस्त इंसानियत व्यायाम समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## 'समस्याओं का त्वरित समाधान करें'

चूरू, (कासं.)। एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने एसडीएम ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए तथा संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ प्रकरण, रात्रि चौपाल, जन सुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही संबंधित विभागों को बजट घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया। बैठक में तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेंद्र भार्गव, बीसीएमओ डॉ जगदीश भाटी, डिस्कॉम एक्सईएन वीएल सोनी, पीएचईडी एक्सईएन डॉ संजय तंवर, डॉ सुनील, राजेंद्र प्रजापत, सानिवि एईएन चंचल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 32 मैडल जीतें

**सीकर,** (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के खिलाडियों ने 68वीं जिला स्तरीय ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 32 मैडलों के साथ 3 चैम्पियनशिप व 2 व्यक्तिगत चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा जमाया।

- **ऐथेलेटिक्स में 32 मैडलों के साथ 3 चैम्पियनशिप व 2 व्यक्तिगत चैम्पियनशिप पर कब्जा**

जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि 19 वर्ष बालक वर्ग में सर्वाधिक अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहते हुए चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया व विनोद चौधरी ने व्यक्तिगत चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा जमाया। वहीं 14 वर्ष में भी द्वितीय स्थान पर रहकर चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाकर छात्रा खुशी ने व्यक्तिगत चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा जमाया व इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के अवार्ड से नवाजा। 17 वर्ष में तृतीय स्थान पर रहकर चैम्पियनशिप हासिल की। विजेता खिलाडियों के चैम्पियनशिप के साथ संस्थान में पहुचने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, आरबीएसई प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी सहित प्रबंधन सदस्यों ने सभी विजेता खिलाडियों को बधाई प्रेषित की।



**खिलाडियों के चैम्पियनशिप के साथ संस्थान में पहुचने पर स्वागत किया गया।**

# मुख्यमंत्री के निदेर्शों की अनुपालना में विशेष अभियान शुरू

**सीकर,**(निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश हैं कि दीपावली के दौरान प्रत्येक प्रदेशवासी को शुद्ध और मिलावटहीन खाद्य सामग्री मिले। इसके मद्देनजर सरकार द्वारा राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक दीपावली विशेष अभियान चलाया जाएगा और मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिले में यह अभियान सात अक्टूबर से प्रारम्भ हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि यह अभियान जिला स्तरीय प्रबंधन समिति के निर्देशन में किया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश हैं कि दीपावली के दौरान प्रत्येक प्रदेशवासी को शुद्ध और मिलावटहीन खाद्य सामग्री मिल**

नियंत्रण विभाग द्वारा इस अभियान के लिए समस्त जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से टीमें गठित की गई हैं। अभियान के दौरान खाद्य व्यापारियों को हाइजीन एवं सैनिटेशन का पूर्ण ध्यान रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

वहीं जिले में डिकॉय ऑपरेशन चलाते हुए मिलावटखोरों की दुकानों, गोदामों, निर्माण इकाईयों तथा अन्य गुप्त स्थानों पर कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इन टीमों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियम एवं विनियमों की पूर्ण पालना करवाई जा रही है।

नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इन टीमों द्वारा दूध, पनीर, मावा व इनसे बनने वाली मिठाइयां, घी, तेल, मसालों आदि पर विशेष निगरानी रखी जा रही। अभियान की रिपोर्ट प्रतिदिन राज्य स्तर पर प्रेषित की जा रही है।

## स्काउट गाइड का सोपान प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न


पाटन । राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड स्थानीय संघ पाटन के तत्वाधान में गाइड्स का द्वितीय, तृतीय सोपान का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें शिविर प्रभारी श्रीमती निर्मला देवी ने प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इसी के साथ द्वितीय, तृतीय सोपान की गाठों का अभ्यास करवाया। श्रीमती शारदा मान ने कंपास की जानकारी दी।शिविर के समापन कार्यक्रम में विनोद कुमार शर्मा तथा क्षेत्र के समाज सेवी पधारे, जिन्होंने बिजली का उपयोग, करंट से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी देकर गाइड्स का मनोबल बढ़ाया । मोहर सिंह मंगावा अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाटन ने गाइड्स को सीपीआर की जानकारी दी जो श्वांस की तकलीफ में राहत प्रदान करता है। निर्मला देवी ने आए अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद दिया।

# पूर्व सैनिक संघ कार्यालय शहीद स्मारक का करेंगे भौतिक निरीक्षण

**सादुलपुर,** (निसं)। पूर्व सैनिक संघ कार्यालय शहीद स्मारक राजगढ का भोतिक निरीक्षण 28 अक्टूबर 2०24 को सुबह 11 बजे रजिस्ट्रेशन शाखाएं चूरू के इन्स्पेक्टर अखिलेश करेंगे। पूर्व सैनिक संघ राजगढ के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिक संघ राजगढ का रजिस्ट्रेशन संख्या 24० सन् 1973-74 में स्व. मेजर भागु राम सहारण निवासी पहाडसर के नेतृत्व में 22 सदस्यीय कमेटी गठित कर पूर्व सैनिको, शहीद विरांगनाओं एवं आश्रितों के हितार्थ कार्य करना शुरू किया था, लेकिन स्व. मेजर भागु राम सहारण की अध्यक्षता के कार्य काल के बाद 5० वर्षो में जो लोग इस संघ के अध्यक्ष बने उन्होंने संघ की समय-समय पर निर्वाचित कमेटी एवं उसकी गतिविधियों को रजिस्ट्रेशन कार्यालय चूरू में दर्ज नहीं करवाने के साथ-साथ संघ का मूल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट गुम होने के कारण संघ का रजिस्ट्रेशन ऑन लाइन नहीं हो सका, जिसके कारण संघ के रजिस्ट्रेशन का अस्तित्व ही खत्म होने के कगार पर पहुंच गया। लेकिन अब पूर्व सैनिक संघ राजगढ संघ के रजिस्ट्रेशन की डुप्लीकेट सर्टिफिकेट कॉपी लेने एवं संघ को पुन: चालू करने तथा ऑन लाइन करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन शाखाएं चूरू को एक वर्ष पहले शपथ पत्र के साथ ज्ञापन प्रेषित किया गया था उसकी जांच करने की राजगढ का पूर्व सैनिक संघ राजगढ अस्तित्व में है या नहीं को रजिस्ट्रेशन शाखाएं कार्यालय चूरूसे इन्स्पेक्टर अखिलेश राजगढ आ रहे हैं। वहीं संघ के अध्यक्ष जगत सिंह ने संघ के सभी सदस्य पूर्व सैनिकों, विरांगनाओं एवं आश्रितों को 28 अक्टूबर 2०24 को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर संघ के अस्तित्व को बनाए रखने में मदद करने का आव्हान किया है।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा में उमरा जन सैलाव



**सरदारशहर** । निकटवृति गांव मेहरासर में सप्तदिवसीय श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्री ठाकुर जी के मंदिर से कथा स्थल तक निकली भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ । स्व नंदराम पांडिया की स्मृति में उनके सुपुत्र बृजलाल पांडिया द्वारा आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा प्रारंभ से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा में सैंकड़ो महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भाग लिया साथ ही स्थानीय अनेक गणमान्यजनों ने भी इसमे सहभागिता निभाई । कथा स्थल पहुंचने पर व्यासपीठ पर विराजित कथावाचक पंडित सत्यनारायण पारीक का ग्रामवासियों एवम कथा आयोजकों ने स्वागत किया । इस अवसर पर पंडित शिवकांत पारीक , शिवकुमार पांडिया, शिवनारायण पांडिया,रामनिवास जोशी , वासुदेव पांडिया , सुभाष पारीक , कन्हैयालाल,महेश, गिरधारी, हीरालाल पांडिया, रघुनाथ पारीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### प्रदेशाध्यक्ष एवं सरपंच का सम्मान किया

**पाटन** । हरियाणा के गुर्जर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सांवरमल गुर्जर व हांडी खेड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच सीताराम के नीमकाथाना आगमन पर बाईपास रोड पर स्थित सांवरिया होटल में गुर्जर समाज के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। रोहिताश गुर्जर खोरा ने बताया कि सांवरमल गुर्जर अपने पैतृक गांव सांगरवा जा रहे थे जिसकी सूचना हमें प्राप्त हुई, सूचना पर दोनों पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।इस दौरान समाजसेवी रोहिताश खोरा, लालचंद खोरा, समाज सेवक सुल्तान मीणा, भोलाराम गुर्जर देवगढ़, सुभाष गुर्जर, पंकज खोरा ,ग्यारसी मीणा, जितेंद्र वर्मा, संजय मीणा, सुमेर मीणा, कृष्ण मीणा, फूलचंद बिजोरिया, सुल्तान मीणा, सनी बिजोरिया उपस्थित रहे।

### युवक को गिरफ्तार किया

**बीदासर** । सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक पोस्ट डालने पर मंगलवार को पुलिस ने एवहै। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव को जरिए सोशल मीडिया से सूचना मिली कि एक युवक ने इंस्टाग्राम आईडी पर सांप्रदायिक वीडियो बनाकर पोस्ट डाल रखी है। जिससे सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल खराब हो सकता है। पुलिस टीम ने तकनीकी व पारंपरिक तरीके से आसूचना संकलन कर इंस्टाग्राम आईडी पर सांप्रदायिक पोस्ट करने वाले कस्बे के वार्ड 24 के नेक नगर निवासी फिरोज एरानी पुत्र मुमताज एरानी जाति सिलावट को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, तो फिरोज ने बताया कि मैंने काफी दिन पहले यह वीडियो बनाया व इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए थे। मैं अनपढ़ हूं मुझे नही पता था कि इस पोस्ट से सांप्रदायिक माहौल खराब हो सकता है। पुलिस ने फिरोज का फोन चैक किया तो फोन में वीडियो नही मिले। जिसको उसने डिलीट कर दिए।

### प्रदर्शनी उत्सव का शुभारंभ

सीकर । मैना सदन में प्रदर्शनी उत्सव 3, 2024 का उदघाटन किया गया। स्वर्णकार महिला मण्डल सीकर की अध्यक्ष मधु सोनी, माहेश्वरी समाज की डायरेक्टर सुमन बजाज ने बताया कि दिवाली के अवसर पर सभी की ख्वाहिसो को देखते हुए महिलाओ के लिये पार्टी वियर साड़ी, सूट, लोंग गाउन, लहंगे, नाईट सूट, पंजाबी सूट, जेंट्स वियर, बेडशीट, सोफा कवर, लड्डू गोपाल ड्रेस, बंदरवाल,वुलन स्वेटर, स्टीच्ड ब्लाउज, इमिटेशन ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट आइटम पंजाबी जुतिया, डेकोरेशन आइटम्स, ड्राई फ्रूट्स,पापड़, मुंगेरी, गुजराती खाखरे, चकली, चटपटे आइटम्स,टु व्हीलर एक्टिवा और बहुत कुछ,स्टाल लगाई गई, उत्सव में महिलाओ का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नीलम मिश्रा, कमलेश मौसूण, सबिता भामा, सुशीला सोनी, बबीता जांगिड़ एवं सर्व समाज की महिलाये मौजूद रही।

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**बीदासर** । पुलिस ने 18 अक्टूबर को चोरी के दर्ज मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चोरी का शत प्रतिशत माल बरामद किया है। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि बीदासर कस्बे के वार्ड 23 कालू राम मेघवाल ने मामला दर्ज करवाया था कि रात्रि के समय अज्ञात चोर घुसकर चांदी के गहने चुराकर ले गया। पुलिस ने टीम का गठन कर कस्बा बीदासर में तकनीकी तरीके से आसूचना संकलन कर घटना के बाद फरार चोरी के आरोपी वार्ड 24 निवासी अशोक कुमार मेघवाल को गिरफ्तार कर चोरी किया गया शत प्रतिशत माल बरामद किया गया।

### वेतन वृद्धि की वसूली पर रोक लगी

चूरू, (कासं.)। राजस्थान हाईकोर्ट जोधुपर ने बैंककर्मियों से वेतन वृद्धि की वसूली पर रोक लगा दी है। यहां बैंककर्मियों की ओर से पैरवी करने वाले एडवोकेट जयपालसिंह खोटिया ने बताया कि हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. के मुख्य प्रबंधक सहित 13 बैंककर्मियों से 23 लाख 10 हजार 804 रुपए वसूल करने के आदेश जारी हुए थे।

# श्रृद्धासुमन अर्पित कर युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया



**करणी सेना के जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह फौजी, संजय देव गुर्जर व अन्य अतिथियों ने शहीद नेत्र भानसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।**

**खेतड़ी,** ( निसं ) खेतड़ी उपखंड के गाड़राटा में मंगलवार को तहसील के प्रथम शौर्य चक्र विजेता शहीद नेत्र भानसिंह का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करणी सेना जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह फौजी थे, जबकि अध्यक्षता संजय देव गुर्जर ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद नेत्र भानसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह फौजी ने कहा कि खेतड़ी तहसील में ऐसे अनेक योद्धा हुए जिन्होंने देश के लिए सरहद पर अपने प्राणों को कुर्बान किया। यहां पीढ़ी दर पीढ़ियां ने देश सेवा कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।शहीदनेत्रभानसिंह भारतीय सेना की

- **प्रथम शौर्य चक्र विजेता शहीद नेत्र भानसिंह का शहादत दिवस मनाया**

11 राजरीफ मे सेवारत थे। 22 अक्टूबर 1992 को जम्मू एंड कश्मीर में अवंतीपुर में इनामी आतंकवादी गाजी खान को मुठभेड़ में उनके तीन साथियों को ढेर करने के बाद गोली लगने से देश के लिएशहीदहो गए थे। इसके बाद भारत सरकार की ओर से मरणोउपरांत तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा नेशहीदनेत्रभानसिंह को शौर्य चक्र से नवाजा था।नेत्रभानसिंह के दादाजी प्रथम वर्ल्ड वॉर में लड़ाई लड़ी थी और उनके पिताजी हरिकिशन सिंह जी ने सेकंड वर्ल्ड वॉर में भाग लिया था। उनके पिताजी हरिकिशन सिंह वर्ल्ड वॉर में राजपूताना राइफल में थे तथा उनके बेटे पृथ्वी सिंह औरनेत्रभानसिंह के भतीजे वीरेंद्र सिंह वर्तमान में भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा कर रहे है। उन्होंने कहा किशहीदहमारे लिए पूजनीय होते हैं। ऐसे में युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर बलवीर छापोला, राजेश गाडराटा, श्रीपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, पृथ्वी सिंह, महेंद्र गुर्जर, फरेंद्र गुर्जर, पवन दधीच, दुर्गा प्रसाद, उमाशंकर फरेरा, मुरारी लाल शर्मा, विनोद गुप्ता, नरेंद्र सिंह, रतिपाल सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## विजेताओं को किया सम्मानित

चूरू, (कासं.)। 17वीं जिला स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान दीपचन्द राहड़ थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समसा एडीपीसी संतोष महर्षि, सीबीईओ ओमदत्त सहारण, बालिका शिक्षा प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक अविनाश सहारण, सुरेन्द्र महला, विनय सोनी व रामप्रसाद परिहार थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ ने खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष महर्षि ने छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्णा पूनियां व देवेन्द्र झाझड़िया का उदाहरण देते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। सीबीईओ ओमदत्त सहारण ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बालिका शिक्षा प्रभारी अविनाश सहारण ने प्रतियोगिता का श्रेय विद्यालय परिवार को दिया। उन्होंने बताया कि खेल की 18 प्रतिस्पर्धाओं में जिले की 206 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गुगनराम ने किया। इस अवसर पर राजकम, मंजू कस्वां, संतोष, नरेश, शिमला, सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# डाइट में जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

चूरू, (कासं.)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिला निष्पादन समिति की बैठक मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राठौड़ ने अनेक मुद्दों पर चर्चा कर उनकी समीक्षा की। इस अवसर पर प्राचार्य ने राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये और चूरू जिले में सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने का आव्हान किया।

उनके द्वारा स्वच्छता कार्य को भी स्थाई एजेंडे के रूप में शामिल करने के लिये कहा। बैठक में डाइट उप प्राचार्य

- **सर्वेक्षण कार्य को प्राथमिकता से करें : राठौड़**

नरेंद्र उपाध्याय ने विद्यालयों में आईसीटी लैब के प्रभावी उपयोग के सम्बन्ध में चर्चा की।

आईएफआईसी प्रभाग अध्यक्ष विजय लक्ष्मी शेखावत ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के प्रभावी संबलन पर चर्चा की। डब्लू ई प्रभाग अध्यक्ष उमा सारस्वत ने क्रियाशील पुस्तकालय के सम्बन्ध में जानकारी दी। सीएमडीई प्रभारी गिरीश स्वामी ने टीएलएम के प्रभावी उपयोग के सम्बन्ध में बताया।

डीआरयू प्रभाग अध्यक्ष प्रसन्ना मीणा ने पीएम श्री विद्यालयों के संबलन के विषय में जानकारी दी। कक्षा 8 व 5 के मूल्यांकन प्रभारी भीष्म सारण व ओम प्रकाश बारुपाल ने मार्कशीट वितरण की जानकारी दी। जिला अकादमिक समूह के सदस्य व पीआरएस जिला कोर्डिनेटर सचिन ने सर्वेक्षण की रुपरेखा प्रस्तुत की।

बैठक में सरदारशहर सीबीईओ अशोक पारीक, रतनगढ़ एसीबीईओ उमेश कुमार, तारानगर एसीबीईओ बाबुलाल बुनकर सहित समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।



**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिला निष्पादन समिति की बैठक मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई।**